संख्या-3/1253/18-4-14-7(5)/92

प्रेषक,

मुहम्मद अख़लाक़ खॉ,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एंव निदेशक उद्योग
उद्योग निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक 11अगस्त,2014

विषय-वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु योजना "राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक मेलों तथा प्रदर्शनियों में भाग लेना" के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उद्योग निदेशालय के पत्र संख्या-510/यू0पी0टी0पी0ए0 /बजट/2014-15, दिनांक 01.08.2014 के संदर्भ में तथा शासनादेश संख्या-871/18-4-14-7(5)/92, दिनांक 09.06.2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय "राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक मेलों तथा प्रदर्शनियों में भाग लेना" योजना हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-3 में प्राविधानित धनराशि की अवशेष धनराशि रू0 66,67,000/- (छाछठ लाख सरसठ हजार) मात्र के संलग्न विवरण के अनुसार वित्तीय वर्ष के शेष आठ माह (अगस्त-2014 से मार्च-2015) तक के व्यय हेतु निम्नलिखित प्रतिबन्धों/शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

1. उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि योजनान्तर्गत पूर्व निर्धारित नियमों/शर्तो तथा दिशा-निर्देश के आधार पर सक्षम अधिकारी की वास्तविक मांग पर आहरित की जायेगी।
2. स्वीकृत धनराशि केवल स्वीकृत योजना में चालू कार्यो के सापेक्ष ही व्यय की जायेगी। किसी भी दशा में इसका उपयोग अन्य मदों/अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु नही किया जायेगा।
3. योजना का कार्यान्वयन एवं व्यय के सम्बंध में वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक-22.7.2014 एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता संबंधी वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जायेगा।
4. प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का मदवार मासिक व्यय विवरण वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6 एंव शासन को प्रपत्र बी-एम-13 में पूर्णतया भरकर उपलब्ध कराया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

5. प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद तथा शासन को धनराशि व्यय किये जाने के एक माह के अन्दर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6. इस सम्बंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-3 के अंतर्गत लेखा शीर्षक-"2851-ग्राम तथा लघु उद्योग- आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय,03-राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक मेलों तथा प्रदर्शनियों में भाग लेना-19-विज्ञापन बिक्री और विख्यापन व्यय के नामे डाला जायेगा।

6. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक-22.07.2014 में दिये गये निर्देशानुसार जारी किया जा रहा हैं।

भवदीय,

(मुहम्मद अख़लाक़ खॉ)
संयुक्त सचिव।

संख्या-1253 (1)/18-4-14-7(5)/92 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा-।) सी0ए0एस0एस0-3/टी0डी0ए0 कोऑर्डिनेशन,उ0प्र0 इलाहाबाद ।
3. महालेखाकार (लेखा/हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
4. निर्यात आयुक्त, निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, लखनऊ।
5. कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
6. वित्त नियंत्रक, उद्योग निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय,125 जवाहर भवन, लखनऊ।
8. लघु उद्योग अनुभाग-3/वित्त ई-6/वित्त-(आय व्ययक) अनुभाग-1/2 नियोजन अनुभाग-4।
9. संयुक्त अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु, 12-सी-माल एवेन्यू लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपनी वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एच0एम0 झा)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-1253(1)/18-4-14-7(5)/92, दिनांक 11 अगस्त, 2014 का संलग्नक

भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2014 व्यय का विवरण।

क्र.स.	मद का नाम	स्वीकृत धनराशि (रू0 में)
1.	टेलीफोन मेले का आयोजन तथा वर्ष भर	33,333.00
2	स्टेशनरी/पोस्टेज, फोटो स्टेट आदि पर व्यय	33,333.00
3	आई0टी0पी0ओ0 को भुगतान लाइसेंस फीस के प्रति पावर का उपयोग वाटर एवं मलवा चार्जेज, प्रेस कान्फ्रेस, कैटलाग इन्ट्री एवं प्रवेश टिकटों का क्रय आदि	43,33,672.00
4	मेले के दौरान मण्डप का बीमा	14,667.00
5	पेट्रोल, डीजल एवं सर्विसिंग	26,666.00
6	उ0प्र0 दिवस उदघाटन एवं समापन समारोह	3,33,333.00
7	इन्र्वेटर एवं फायर फाइटिंग की व्यवस्था	26,666.00
8	वी0आई0पी0 स्वागत सत्कार	1,25,333.00
9	फोटोग्राफी पर व्यय	66,666.00
10.	प्रिन्टिंग एवं विज्ञापन पर व्यय	1,33,333.00
11.	आटो रिक्शा एवं टैक्सी	46,667.00
12.	मेले के दौरान सफाई सामग्री एवं सफाई कर्मचारी इत्यादि पर व्यय	53,333.00
13.	सिक्योरटी गार्ड के प्रति भुगतान पूर्ण वर्ष एवं मण्डप की सी0सी0टी0वी0 की स्थापना	3,33,333.00
14.	स्वीपर पूर्ण वर्ष	30,000.00
15.	विविध व्यय	30,000.00
16.	सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन	1,00,000.00
17.	कार्यालय का रख-रखाव फर्नीचर इत्यादि पर व्यय	33,333.00
18.	अधिकारियों एवं कर्मचारियों का यात्रा व्यय	1,13,333.00
19.	मण्डप का रख रखाव (विद्युतीकरण)	2,00,000.00
20.	सिविल वर्क का रख रखाव तथा मण्डप पर दीवारों की पेंन्टिंग	4,66,666.00
21.	थीम के अनुसार आन्तरिक एवं वाह्य साज सज्जा पर व्यय एवं मण्डप पर फूलो से सजावट तथा प्लान्टेंशन	**1,33,333.00**
		योग 66,67,000.00

(रू0 छांछठ लाख सरसठ हजार मात्र)

(मुहम्मद अख़लाक़ खॉ)
संयुक्त सचिव।

http://chasanadesh.up.nic.in